हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024

11 सरलता और उदारता धर्म की पहली सीढ़ी है



12 गांव से शहर तक रही पोला की धूम, कई जगह हुए ...







## अंतिम संस्कार के लिए बारिश थमने का इंतजार चिता को बुझने से बचाने तिरपाल का सहारा

**10 साल पुराना शेड पूरी तरह जर्जर**

ग्रामीण लिकेश्वर कुमार साहू ने बताया कि गांव के मुक्तिधाम में टीना शेड लगे लगभग 10 वर्ष से ज्यादा हो चुका है, जो कि आज की स्थिति में पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। इसके संधारण के लिए गांव के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदार लोगों का ध्यान इस ओर नहीं है। इसके कारण बारिश के दिनों में शव के अंतिम संस्कार में बहुत ही परेशानियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) में बारिश के दिनों में मुक्तिधाम में शव का दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यहां के मुक्ति धाम में शव का दाह संस्कार के लिए टीना शेड बना है, लेकिन वह जर्जर स्थिति में है, शेड का टीना हवा में उखड़ इधर उधर बिखर गया है, जिससे बारिश होने पर पानी अंदर आ जाता है। इसके कारण शव का अंतिम संस्कार करने के लिए या तो बारिश थमने का इंतजार करना पड़ता है या फिर बरसते पानी भीगते हुए या फिर पॉलीथिन अथवा तिरपाल पकड़कर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी कराई जाती है। वहीं, आग न बुझ जाए इसलिए कपालक्रिया होते तक पॉलीथिन को पकड़कर रखना पडा है।

- ग्राम पंचायत खुटेरी (अचौद) के मुक्तिधाम में भारी समस्या

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक ग्रामीण का निधन होने पर उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए मुक्ति धाम ले जाया गया। जैसे ही शव को चिता पर लिटाया गया, तभी अचानक बारिश शुरू हो गई। शेड का टीना उखड़ गया है, जिससे बारिश का पानी अंदर आने लगा। इसके कारण वहां उपस्थित लोग चिता को तिरपाल एवं झिल्ली से ढक कर उसे गीला होने से बचाने का प्रयास करते रहे। सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को बारिश के थमने का इंतजार करना पड़ा, बारिश बंद होने पर उसमें आग लगाई।

## भाजपा शासन में असुरक्षित हो गई हैं छत्तीसगढ़ की महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के 9 माह के शासन काल में प्रदेश की महिलाएं असुरक्षित हो गई हैं। प्रतिदिन प्रदेश में कहीं ना कहीं बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटना होना आम हो गई है।

- कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर लगाया आरोप

सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक बात है कि प्रदेश की राजधानी में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। रायपुर में नया बस स्टैंड में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म होता है, दूसरे दिन रिपोर्ट लिखी जाती है, लेकिन सामूहिक बलात्कार को बलात्कार बता दिया जाता है। पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा देने के बजाय बचाया जा रहा है। उक्ताशय के आरोप बालोद जिला कांग्रेस भवन में एक पत्रकार वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने लगाए। वार्ता में महामंत्री रतिराम कोसमा ने कहा कि बीते 8 माह में प्रदेश में महिलाओं के प्रति 3094 अपराध हुए, जिसमें 600 से अधिक बलात्कार की घटना है, जो कि अत्यंत शर्मनाक है। भिलाई के एक स्कूल में 4 साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हो गई, जबकि बच्ची के साथ हुई घटना की पुष्टि दो–दो डॉक्टरों ने की कि बच्ची के निजी अंग में चोट है, कुछ तो गलत हुआ है। हम पूछना चाहते हैं कि पुलिस ▶▶| शेष पेज 11 पर

श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

### अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद शहादत दिवस कल




**अंडा।** समस्त ग्राम वासी देवरी ख के तत्वावधान में अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद का 26 वां शहादत समारोह 4 सितम्बर को देवरी ख में मनाया जाएगा। प्रातः 8 बजे शांति पाठ, श्रध्दांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 11 बजे अतिथि आगमन ▶▶| शेष पेज 11 पर

### परेशानी : सड़कों में जगह-जगह गड्ढों के कारण आना-जाना हुआ मुश्किल

## सड़कों की हालत खराब, मरम्मत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर की सड़कों की हालत काफी खराब हो चुकी है। शहरवासी उबड़-खाबड़ सड़क पर हिचकोले खाते काफी परेशानियों का सामना करते हुए आवाजाही करने को मजबूर हैं।

बुधवारी बाजार से लेकर कन्या शाला स्कूल होते हुए नयापारा, विनय टॉकीज के आगे तक इस रोड में अगर आप मोटर साइकिल से गुजरते हैं, तो संभव है कि आपकी कमर में दर्द शुरू हो जाएगा। यही नहीं, अगर आप पैदल चलते हैं तो गड्ढों से भरी सड़क पर आप लड़खड़ा कर गिर सकते हैं। कुल मिलाकर आप इस रोड पर चाहे कैसी भी सावधानी बरतते हुए चलने की कोशिश करें, आपको तकलीफों का सामना करना ही पड़ेगा। जानकारी के अनुसार इस मार्ग पर भी करीब डेढ़–दो साल पहले ही पालिका प्रशासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर सिलकोट का कार्य किया गया था, लेकिन कुछ ही महीनों में सिलकोट उखड़ने लगा और अब इस रोड में गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं। रोड की हालत देखकर ऐसा लगता है कि जिम्मेदारों ने कार्य में लापरवाही बरतने के साथ ही गुणवत्ताहीन कार्य करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। इसका खामियाजा अब शहरवासियों को ही भुगतना पड़ रहा है।



**नपा अध्यक्ष पर पार्षद ने लगाया भेदभाव का आरोप**

नयापारा में खस्ताहाल सड़क को लेकर वार्ड पार्षद मोहन कलिहारी ने कहा कि नपा अध्यक्ष विकास चोपड़ा भेदभाव करते हैं। सदर रोड का निर्माणकार्य कराने के बाद नयापारा की सड़क को भी सीलकोट करने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक नहीं बना पाए। पार्षद ने कहा कि हर साल रथयात्रा इसी सड़क से होकर निकलती है, इस बारे में भी नपा अध्यक्ष को जानकारी है, लेकिन मरम्मत करने की बात कहकर सिर्फ अश्वासन ही दिया है। पार्षद मोहन कलिहारी ने कहा कि मैं विपक्षी पार्षद हूँ इसलिए नपा अध्यक्ष भेदभाव करते हैं।

### जन समस्या शिविर में 10 से अधिक शिकायत, कार्रवाई के नाम पर ठेंगा

पार्षद मोहन कलिहारी ने बताया कि बीते दिनों पालिका प्रशासन द्वारा नयापारा के मंच में जन समस्या निवारण शिविर लगाया गया था। इस दौरान पालिका के जिम्मेदार अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा भी थे। शिविर में 10 से अधिक वार्डवासियों ने सिर्फ एक ही सड़क की समस्या को लेकर शिकायत पत्र दिया, लेकिन सुधारा नहीं गया। कार्यवाही के नाम पर लोगों को सिर्फ ठेंगा दिखा दिया गया।

### नपाध्यक्ष की अनदेखी, सीएमओ ने कहा जल्द भेजेंगे प्रस्ताव

इस मामले में नपा अध्यक्ष विकास चोपड़ा से बात करने की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। वहीं, इस मामले में नगर पालिका सीएमओ शौरभ शर्मा ने कहा कि शिविर में जितने आवेदन आए थे, उसका इस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया है। जितने भी निर्माण कार्य, सड़क की समस्या से संबंधित हैं, सभी की लागत करीब 3–4 करोड़ रुपए बन रही है। बहुत जल्द प्रस्ताव भेजेंगे।

**पाठक सूचना**

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP

RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®

BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS

Limited Time.
Unlimited Fayde!

- Discounts on all product range
- Get discount vouchers on next purchase
- Upto 70% OFF On Selected Products

AND MANY MORE...

KOHLER | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone
Oyster Bathroom beauties for the privileged | haique ELEVATED LIVING Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI PLYWOOD

OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 8518882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020

# पीएससी पर भारी पड़ा यूपीएससी, एक दिन में हुईं तीन बड़ी परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को तीन बड़ी परीक्षाएं एक साथ आयोजित हुई। इनमें यूपीएससी की दो और पीएससी की एक परीक्षा शामिल रही। यूपीएससी ने तीन पालियों में कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा आयोजित की।

जबकि यूपीएससी की ही नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा दो पालियों में ली गई। उपस्थिति के हिसाब से यूपीएससी, पीएससी पर भारी पड़ा। यूपीएससी की कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा में तीनों पालियों में उपस्थिति 55 से 58.8 प्रतिशत तक रही। नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा में छात्रों का उपस्थिति प्रतिशत 63.2 प्रतिशत रहा। एनडीए, सीडीएस की भर्ती परीक्षा के लिए यूपीएससी की ओर से एडमिट कार्ड पहले ही जारी किए जा चुके थे। पीएससी ने भी पहले ही दिशा-निर्देश जारी कर दिए थे।

- यूपीएससी ने तीन पालियों में आयोजित की कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा
- दो पाली में हुई यूपीएससी की ही नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा
- पीएससी ने आयोजित की परिवहन उप निरीक्षक के लिए परीक्षाएं



### सुबह से शाम तक परीक्षाओं का दौर

संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कंबाइंड डिफेंस सर्विस परीक्षा तीन पालियों में प्रातः 9. 00 बजे से 11.00 बजे, द्वितीय पाली दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तथा तृतीय पाली दोपः 3.00 बजे से 5.00 बजे तक हुई। इसके साथ नेशनल डिफेंस एकाडमी एंड नेवल एकाडमी परीक्षा प्रातः 10.00 बजे से 12.30 बजे तक एवं दोपहर 2.00 बजे से 4.30 बजे तक दो पालियों में हुई। बड़े पैमाने पर हुई इस परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए एक दिन पहले ही बैठक आयोजित की गई थी। कड़े मानक सभी परीक्षाओं के लिए बनाए गए थे।

### 6 हजार ने भरे फॉर्म, पहुंचे सिर्फ 1 हजार 400

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा परिवहन उप निरीक्षक (तकनीकी) परीक्षा का आयोजन प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक किया गया। राजधानी रायपुर में पीएससी की परीक्षा के लिए 16 केंद्र बनाए गए थे, जबकि यूपीएससी ने परीक्षा पाली के आधार पर केंद्रों का निर्धारण किया था। परीक्षार्थियों में पीएससी से अधिक क्रेज यूपीएससी को लेकर देखने को मिला। पीएससी की परीक्षा में जहां उपस्थिति 23.4 प्रतिशत ही रही, तो वहीं यूपीएससी में छात्रों की उपस्थिति 64 प्रतिशत तक रही। इसके लिए 6 हजार 157 आवेदन मिले थे, जबकि परीक्षा दिलाने सिर्फ 1 हजार 441 अभ्यर्थी ही पहुंचे।

## खबर संक्षेप



### ‘खेल रही है पानी से’ का किया लोकार्पण

**रायपुर।** डॉ. माणिक विश्वकर्मा ‘नवरंग’ के आवास के प्रथमतल पर स्थित पुस्तकालय में रविवार को विश्वकर्मा समाज के पदाधिकारियों द्वारा उनके बाल कविता संग्रह ‘खेल रही है पानी से’ का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के संदर्भ में डॉ. नवरंग ने कहा कि बाल कविताएं वही सार्थक मानी जाती हैं, जिनका सरोकार उनकी मानसिकता से होता है, जो मनोरंजक होने के साथ ही ज्ञानवर्धक भी होती हैं एवं बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं। समझने के लिए उनसे मानसिक कसरत नहीं करवातीं। लोकार्पण के अवसर पर सीताराम विश्वकर्मा, पीआर विश्वकर्मा, किशनलाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर पांचाल, राजाराम विश्वकर्मा, अर्जुन विश्वकर्मा, पुन्नी विश्वकर्मा, मयंक विश्वकर्मा सहित कार्यकारिणी सदस्य मनोहर विश्वकर्मा, मोहनलाल विश्वकर्मा एवं शशि आचार्य उपस्थित रहे।

### आर्ट ऑफ लिविंग का सहज समाधि ध्यान योग आज से

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय मानवतावादी आर्ट ऑफ लिविंग के प्रणेता श्रीश्री रविशंकर द्वारा प्रदत्त सहज समाधि ध्यान योग का कार्यक्रम होगा। यह कार्यक्रम कमल विहार सेक्टर-12 में तीन दिवसीय 3 से 5 सितंबर तक किया जाएगा। यह योग सुबह 6.30 बजे से प्रातः 8.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में 16 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति भाग ले सकता है। इस कार्यक्रम में डॉ. सरिता बाजपेयी आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ आर्ट ऑफ लिविंग एडवांस मेडिटेशन प्रोग्राम शिक्षक टीचर एवं मुकेश निहाल पेरेंटिंग एक्सपर्ट, लाइफ कोच आदि शामिल होंगे।

### शिशु और बच्चों को दूध पाउडर उपलब्ध कराया



**रायपुर।** हर्ष एनजीओ द्वारा सेवा भारती मातृछाया आश्रम कोटा के नवजात शिशु एवं बच्चों के लिए उनकी जरूरतों का सामान उपलब्ध कराया गया। छोटे बच्चों के लिए दूध पाउडर, डायपर, बेबी आयल, पाउडर सोप के साथ नाश्ते के लिए पोहा, इडली, बिस्किट, चॉकलेट आदि उपलब्ध कराए गए। समिति के अध्यक्ष डॉ. हर्ष तिवारी ने बताया कि इस कार्य में डॉ. नितेश तिवारी, नीलम नाग, अन्नपूर्णा ठाकुर, मुक्ति लकड़ा, रूबी साहू, मनीषा गुलहरे एवं अन्य सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था आने वाले समय में जनहित सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाएगी।

### नशीली टेबलेट जब्त आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सरस्वती नगर पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 20 हजार रुपए कीमत की 864 नग नशीली टेबलेट जब्त की है। पुलिस के मुताबिक, कुकुरबेड़ा निवासी मनीष चंद्राकर के कब्जे से स्पॉस्मो टेबलेट जब्त की गई है। मनीष द्वारा घर में चोरी-छिपे नशीली टेबलेट बेचे जाने की जानकारी मिलने के बाद छापे की कार्रवाई की गई

## उरकुरा में 25 हजार की आबादी को बिरगांव निगम देगा नई सुविधा

# डुप्लेक्स मंगल भवन को तीन महीने में देंगे फाइनल टच, दिसंबर से शुरू होगी बुकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उरकुरा में 25 हजार से ज्यादा की आबादी को दिसंबर से डुप्लेक्स मंगल भवन बुकिंग की सुविधा मिलने वाली है। मंगल भवन में किचन, हॉल के साथ ही भवन बुक कराने वाले लोगों को सर्व सुविधायुक्त 5 कमरे भी मिलेंगे। डुप्लेक्स का निर्माण कर रही एजेंसी को निगम आयुक्त ने नवंबर तक काम पूरा करने के लिए निर्देश दिया है। इसे देखते हुए एजेंसी कर्मियों ने मंगल भवन को अब फाइनल टच देना शुरू किया है।


बिरगांव निगम बनने के करीब 10 साल बाद उरकुरा की घनी आबादी के बीच अब पहले मंगल भवन की सुविधा मिलने वाली है। इसके पहले उरकुरा में लोगों के बीच एक भी बड़े मंगल भवन की सुविधा नहीं थी। उरकुरा वार्ड के लोगों द्वारा लगातार की गई मांग के बाद निगम के जिम्मेदारों ने 2. 83 करोड़ में डुप्लेक्स मंगल भवन बनाने के लिए शासन को प्रस्ताव दिया था। इसे मंजूरी मिलने के बाद लोगों को नई सुविधा देने के लिए भवन बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई।

अब नए साल से पहले ही क्षेत्र के लोगों को वैवाहिक सहित हर तरह के आयोजन के लिए सर्व सुविधायुक्त भवन मिलने वाला है। इसके पहले लोगों को इस सुविधा के लिए प्राइवेट भवन मालिकों को ज्यादा किराया के साथ ही भारी-भरकम मेंटेनेंस शुल्क भी देना पड़ता था, अब राहत मिलेगी।



### लोगों को मिलेगी यह सुविधा

मंगल भवन का निर्माण 10 हजार वर्गफीट एरिया में हो रहा है। इसमें लोगों को विभिन्न आयोजनों के लिए बड़ा हॉल और रसोई की सुविधा मिलेगी। शादी-सगाई के लिए भवन बुक कराने वाले परिवारों को सर्व सुविधायुक्त 5 कमरे भी मिलेंगे। भवन के लिए करीब एक एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। इस भवन परिसर में लोगों को पार्किंग की सुविधा मिलेगी। उरकुरा मुख्य मार्ग से करीब 150 मीटर की दूरी पर भवन होने से ट्रैफिक जाम की स्थिति भी नहीं बनेगी। आबादी से दूर होने से लोगों को बैंड-बाजे व धुमाल के शोर-शराबे की शिकायत भी नहीं होगी।



### नवंबर में ही पूरा होगा निर्माण

सर्वसुविधा युक्त मंगल भवन का निर्माण एजेंसी को नवंबर में पूरा करके देने के लिए कहा गया है। प्रयास किया जा रहा है कि भवन बुकिंग की सुविधा लोगों को दिसंबर से मिल सके। निर्माण कार्य को फाइनल टच देने के बाद विद्युत सिस्टम लगाएंगे। - **बृजेश सिंह क्षत्रिय,** आयुक्त, ननि बिरगांव

### घनी आबादी को मिलेगी राहत

बिरगांव के हर्षित विहार, डीएम टॉवर, उरकुरा के मां शीतला माता, संत कबीरदास, ठाकुर प्यारेलाल और माधवराव सप्रे वार्ड की घनी आबादी में किराए के मकान में रहने वाले लोगों को इस सुविधा से बड़ी राहत मिलने वाली है। अभी उरकुरा के 4 वार्डों में सामाजिक भवन खाली होने पर ही दूसरे समाज के लोगों को जरूरी आयोजन के लिए मिलता था। अब मंगल भवन निर्माण कार्य पूरा होने और परिसर में खाली स्पेस और पार्किंग होने से लोग छोटे आयोजन को सामान्य दिनों में पंडाल लगाकर भी कर सकेंगे। पहले यह सुविधा भी नहीं मिलती थी।

# मवेशी पकड़ने 50 अतिरिक्त कर्मचारी रखने की तैयारी में निगम, आज तय होगी एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- दो माह के लिए ठेका, कलेक्टर दर पर होगा भुगतान
- काऊकैचर में अमले का टोटा, दो पालियों में अभियान

आवारा मवेशियों के झुंड से त्रस्त शहरवासियों को अब राहत मिलने के आसार हैं। दो पाली में मवेशियों को पकड़ने नगर निगम 50 अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था कर रहा है। प्लेसमेंट पर इन कर्मचारियों को फिलहाल 2 माह के लिए कार्य कर रखा जाएगा। इसके एवज में उन्हें कलेक्टर दर पर मेहनताना दिया जाएगा। मंगलवार को इसके लिए एजेंसी तय होगी। साथ ही काऊकैचर के लिए 10 वाहन चालक रखे जाएगे।

राजधानी सहित आउटर के इलाकों में सड़क यातायात बाधित करने वाले मवेशियों की धरपकड़ के लिए नगर निगम अब अमला बढ़ाएगा। सड़क हादसे को लेकर हाईकोर्ट के फरमान के बाद निगम प्रशासन ने दस जोन के लिए प्लेसमेंट पर 50 दक्ष कर्मचारी रखने टेंडर किया। इसके लिए मंगलवार को एजेंसी तय होगी, जिसमें 50 अतिरिक्त कर्मचारी और 10 वाहन चालक इस कार्य के लिए उपलब्ध होंगे।

### अभियान चलाकर पकड़ेंगे मवेशी

निगम आयुक्त के निर्देश पर दो पालियों में आवारा मवेशियों को पकड़ने अभियान चलाने के लिए 50 अतिरिक्त कर्मचारी प्लेसमेंट पर रखने मंजूरी मिली है। साथ ही 10 वाहन चालक प्लेसमेंट पर रखे जाएंगे।
- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, ननि रायपुर

### मवेशियों की धमाचौकड़ी

दरअसल त्योहारी सीजन में शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और रिहाइशी इलाकों की सड़कों पर आवारा मवेशियों की धमाचौकड़ी और सांड के उत्पात से जहां एक ओर दुघर्टना का खतरा बढ़ गया है, वही देर शाम इन मवेशियों को पकड़ने कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है। काऊकैचर दस्ते में अमले का टोटा होने नगर निगम वर्तमान में केवल एक पाली में मवेशियों की धरपकड़ का कार्य करवा रहा है। वैसे तो दस जोन में 10 काऊकैचर उपलब्ध हैं, पर मवेशी पकड़ने दक्ष कर्मचारी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं।

# विद्यार्थियों को बताई जीवन जीने की कला

- चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई इकाई ने कुम्हारी में किया विशेष कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




स्वामी आत्मानंद स्कूल, कुम्हारी में चैंबर ऑफ कॉमर्स की भिलाई इकाई ने एक अनूठा कार्यक्रम जिंदगी नहीं मिलेगी दोबारा का आयोजन किया। इस मौके पर विद्यार्थियों को जीवन जीने की कला बताई गई। कार्यक्रम में चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि ने कहा कि अपने लक्ष्य पर एकाग्र होकर जीवन में सफलता पाई जा सकती है। इसके लिए कड़ी मेहनत और लगन की भावना होना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्य की दिशा में निरंतरता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में चैंबर के महामंत्री अजय भसीन ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा, सही तरीके से पढ़ाई करने और अनुशासन को जीवन में अपनाने से व्यक्तित्व निखरता है उन्होंने शिक्षा को जीवन के विकास का सबसे महत्वपूर्ण साधन बताया। कार्यक्रम में चैंबर के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर बजाज ने छात्रों को अपने फैक्ट्री का भ्रमण कराने का आश्वासन दिया, जिससे उन्हें व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हो सके। इस मौके पर विक्रम सिंह देव का जन्मदिन स्कूल के विद्यार्थियों ने केक काटकर मनाया और उन्हें बधाई दी।

### पढ़ाई के साथ आमदनी बढ़ाने की जानकारी दी गई

चैंबर के उद्योग चैंबर इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष और स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत सह समन्वयक संजय चौबे ने छात्रों को स्किल डेवलपमेंट, स्वरोजगार के अवसर, और पढ़ाई के साथ-साथ आमदनी के साधन किस तरह विकसित करें, इस पर सार्थक जानकारी दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी नौकरियां केवल 7.5% ही होती हैं, इसलिए छात्रों को सरकारी नौकरी के पीछे न भागकर किसी न किसी स्किल को सीखने पर ध्यान देना चाहिए। यही स्किल्स उनके भविष्य को एक नई दिशा प्रदान करेंगी।

# नशे में बीच सड़क लोट रहा था सीएएफ का जवान, वीडियो वायरल

- जवान की पहचान नहीं हो पाई
- जानकारी जुटाने के बाद पुलिस ने कमांडेंट को सूचना देने की बात कही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आमानाका ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर पर एक सीएएफ जवान का शराब पीकर बीच सड़क पर लोटने का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में जवान वर्दी में डिवाइडर पर बैठकर शराब पीते दिख रहा है। जवान की हालत देख आने-जाने वालों ने उसे सड़क के किनारे कर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

जानकारी के मुताबिक, जवान किसी बटालियन से ड्यूटी करने रायपुर आया था। ड्यूटी के बाद जवान ने किसी शराब दुकान से शराब खरीदी और आमानाका ओवरब्रिज के नीचे डिवाइडर के ऊपर बैठकर जाम छलकाया। इस दौरान वह इतनी ज्यादा शराब गटक गया कि उसे कुछ होश नहीं रहा और डिवाइडर पर बैठे-बैठे ही लुढ़क गया।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जवान के बैज को देखा तो उसमें सीएएफ लिखा था। जवान कहां का है, उसका नाम क्या है, इसकी जानकारी जुटाने के बाद पुलिस कमांडेंट को सूचना देने की बात कह रही है।

# ई-रिक्शा सवार बदमाशों ने युवक को पीटा, 27 हजार लूटे, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




- घटना गुढ़ियारी की रामनगर चौकी क्षेत्र की

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के रामनगर चौकी इलाके में एक युवक ने ई-रिक्शा चालक तथा उसके तीन अन्य साथियों के खिलाफ जबरन अपने ई-रिक्शा में बैठाकर ले जाने तथा मारपीट कर कैश 27 हजार रुपए और मोबाइल लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवक की शिकायत पर पुलिस ने मारपीट तथा लूट के आरोप में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक, धन्नू चंद्रवंशी की शिकायत पर सूरज सारथी, राजेश धांडे, परमानंद धांडे तथा ओमप्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। धन्नू ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार देर रात वह अपने दोस्त को छोड़ने के बाद बजरंग चौक ओवरब्रिज के नीचे ऑटो का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ई-रिक्शा में लिफ्ट लेने आवाज लगाई। ई-रिक्शा चालक वापस ई-रिक्शा घुमाकर धन्नू के पास आया। इसके बाद ई-रिक्शा में सवार लड़के धन्नू के साथ मारपीट कर उसे जबरन ई-रिक्शा में अपने साथ बैठाकर ले गए और लूटपाट की। धन्नू ने ई-रिक्शा से कूदकर अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# सरकारी नौकरी वाले दिव्यांगों की जांच सालभर में नहीं हो सकी पूरी

- जारी हुआ था आदेश, मेडिकल बोर्ड तक नहीं पहुंच रहे दिव्यांग
- वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले दिव्यांगों जांच दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

फर्जी सर्टिफिकेट की मदद से सरकारी सेवा में आने वाले लोगों की पहचाने के लिए सालभर पहले जांच के आदेश का पालन अब तक नहीं हो पाया है। वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले दिव्यांगों को जांच के दायरे में लाया गया, मगर वे अपनी जांच कराने के मेडिकल बोर्ड के सामने प्रस्तुत ही नहीं हो रहे हैं। राज्य में करीब बीस हजार लोग दिव्यांग सर्टिफिकेट की मदद से शासकीय सेवा में कार्यरत हैं।

जानकारी के अनुसार, आंबेडकर अस्पताल में कार्यरत विभिन्न विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सक स्टेट मेडिकल बोर्ड के सदस्य हैं। उनके द्वारा सामने आने वाले प्रकरणों की जांच के बाद संबंधित शख्स को सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। इसके अलावा जिला और संभाग स्तर पर भी चिकित्सा समिति कार्यरत हैं। सूत्रों का कहना है कि सालभर पहले उनके पास जांच करने के लिए आदेश तो आया था, मगर अब तक दिव्यांग उन तक नहीं पहुंचे हैं। नियम के मुताबिक, सरकारी सेवा में काम करने वाले दिव्यांगों को अपने प्रमाणपत्र के साथ जांच के लिए पहुंचना था, मगर उनके द्वारा जांच नहीं कराई जा रही है और उस मामले में विभागीय स्तर पर भी गंभीरता नहीं बरती जा रही है। अनुमान लगाया जा रहा है कि राज्य में सरकारी सेवा में कार्यरत दिव्यांग सर्टिफिकेट वाले शासकीय कर्मचारियों की संख्या करीब बीस हजार है, जिन्हें अपनी जांच करानी है।

### नहीं आ रहे जांच कराने

राज्य मेडिकल बोर्ड में शामिल आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीत जैन के मुताबिक, वर्ष 2019 के बाद सेवा में आने वाले शासकीय कर्मचारियों को फिर से जांच कराने का आदेश है, मगर जांच के लिए कोई नहीं आता। जिन दिव्यांग शासकीय कर्मचारियों की जांच करानी है, उनके दस्तावेज विभागीय स्तर पर प्रेषित किए जाने चाहिए और कर्मचारियों को तय तिथि में बोर्ड के सामने उपस्थित होने के निर्देश दिए जाने चाहिए।



### अब तक पांच बर्खास्त

छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष बीआर चंद्राकर ने बताया कि संगठन द्वारा अपनी याचिका में 18 लोगों पर आरोप लगाया गया था। इसके अलावा विभागीय स्तर पर 147 लोगों की सूची सौंपी गई थी। अब तक इस प्रकरण में पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है और शेष लोग अपनी जांच कराने के लिए मेडिकल बोर्ड के सामने प्रस्तुत नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि शासन के आदेश को नहीं मानने वाले ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्ती की जानी चाहिए।

# भाजयुमो को दिया गया सात लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने बताया, सदस्यता अभियान में मोर्चा को सात लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला है। इसके लिए भाजयुमो को प्रत्येक जिले में भाजपा संगठन द्वारा प्रत्येक मंडल से 5-5 बूथ दिए जाएंगे। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने हैं।

श्री भगत ने रविवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा हुए बताया, पहले चरण में 6 से 17 सितंबर तक प्रत्येक बूथ में सदस्य बनाए जाएंगे। दूसरे चरण में ग्राम, वार्ड, मोहल्ला व विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय आदि स्थानों पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। प्रत्येक जिला इकाई को सदस्यता का लक्ष्य प्रदान किया जाएगा। सदस्यों से मिस्ड कॉल के साथ ही फिजिकल फार्म भी भराया जाएगा, जिससे मिस्ड कॉल की जानकारी दिल्ली कार्यालय पहुंच जाएगी और फिजिकल फार्म का डाटा प्रदेश व स्थानीय जिला कार्यालय के पास रहेगा। सदस्यता अभियान को और सरल बनाने नमो एप सरल पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन सदस्य बना जा सकता है। श्री भगत ने कहा, सदस्यता अभियान के लिए प्रदेश, जिला, मंडल और बूथ स्तर पर समितियों की गठन किया गया है। इस अभियान के प्रभारी के रूप में रितेश मोहरे प्रदेश उपाध्यक्ष (प्रभारी), गौरी गुप्ता सहप्रभारी, अभिषेक प्रदेश मंत्री बिलासपुर, प्रताप सिंह प्रदेश सहप्रशिक्षण प्रभारी सरगुजा, सहप्रभारी लक्ष्मण झा सहप्रशिक्षण प्रभारी बस्तर बनाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री श्रीबाबा रामदेव जन्मोत्सव कल से

**बालोद।** श्री श्रीबाबा रामदेव जन्मोत्सव भादवा मेला 2024 का



आयोजन रामदेव मंदिर बालोद मु किया गया है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार 4 सितंबर को भादवा सुदी एकम को चन्द्रदर्शन जन्मोत्सव होगा। इस दिन महाआरती का आयोजन किया जाएगा। 5 सितंबर को भादवा सुदी दूज को प्रभात फेरी सुबह 5 बजे से आरंभ होगी, सुबह 9 बजे से अभिषेक व आरती होगी। भव्य भक्ति भजन प्रवाहक दीपक सचदेव भाटापारा का आयोजन किया जाएगा। 6 सितंबर को भव्य भक्ति रामदेव बाबा महिला मंडल मुंगेली का कार्यक्रम होगा। 7 सितंबर को बच्चो का फैंसी ड्रेस, भजन, समूह नृत्य का आयोजन होगा। 8 सितंबर को भक्ति भजन प्रवाहक, प्रसन्न अमन होगा। 9 सितंबर को छप्पन भोग एवं आनंद मेला का आयोजन होगा। 10 सितंबर को संगीतमय सुंदरकांड पाठ अमन ललित का आयोजन होगा। 11 सितंबर को भक्ति जैन मंडल मुंगेली का आयोजन होगा। 12 सितंबर को बाबा की अखण्ड फेरी सुबह 8 बजे से निकाली जाएगी। 13 सितंबर को भादवा सुदी दसम-को ध्वजारोहण आरती व भव्य शोभायात्र का आयोजन सुबह 9:15 बजे से होगा। प्रसादी दोपहर 12 बजे व महाआरती का आयोजन रात्रि 7 बजे से किया जाएगा। जिसके बाद भव्य भक्ति भजन प्रवाहक राहुल झाबक की प्रस्तुति होगी।

### 125 शैक्षणिक संस्थानों में ग्रीन आर्मी की प्रशिक्षण कार्यशाला

**रायपुर।** ग्रीन आर्मी संस्थान द्वारा शनिवार को पर्यावरण संरक्षण विषय पर 125 स्कूल-कॉलेजों में प्रशिक्षण दिया गया। संस्था द्वारा युवाओं की पर्यावरण संरक्षण में क्या भूमिका हो, वे किस प्रकार से पढ़ाई करते-करते भी पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं, इस विषय पर वृहद पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यशाला वंदेमातरम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम रायपुर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ स्तर पर आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से रायपुर शहर के 110 स्कूल-कॉलेजों एवं अन्य जिलों सें 15 शैक्षणिक संस्थानों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### वाणिज्य और उद्योग महासंघ ने किया सम्मानित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ की ओर से पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित लोगों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की कविता कुंभज , राहुल कुम्भज को विशेष रूप से व्यापार मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में अपनी मेहनत और सफलता के लिए सम्मानित किया गया। समारोह में प्रदेशभर से व्यापारी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वाणिज्य, व्यापार एवं श्रम मंत्री, दुर्ग सांसद विजय बघेल, विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीराम साहू, कुलपति सच्चिदानंद शुक्ला और कुलसचिव शैलेंद्र पटेल रहे।

### पर्व : मधुर साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी में साहित्यकारों ने बताया पर्व का महत्व

# धान के गर्भधारण का उत्सव है पोरा

हरिभूमि न्यूज:डौंडीलोहारा

पोरा त्योहार की पूर्व संध्या पर मधुर साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी स्थानीय गायत्री मंदिर परिसर में हुई। चर्चा का विषय था पोरा त्योहार का लोक जीवन में मान्यता गोष्ठी की शुरुआत माता गायत्री की पूजा कर की गई। सर्व प्रथम संबलपुर से पधारे वीरेंद्र कुमार अजनबी ने अपनी काव्यात्मक शैली में पोरा त्योहार को धान की फसल में गर्भधारण करने का उत्सव बताया।

उन्होंने कहा कि नदिया बैला पोरा जांता, छत्तीसगढ़ के पहिचान हमर। ठेठरी खुरमी सोहारी खाबो, गरभ धरत हे धान हमर। इस विचार को आगे बढ़ाते हुए देवरी बंगला से आए अजय कुमार चौहान ने इस पोरा त्योहार में किसान का साथी बैल को नंदी बैल की तरह सजाकर पूजा कर बैल दौड़ प्रतियोगिता रखकर उत्सव में हर्ष उल्लास भरने की परंपरा को बताया। उन्होंने बड़ों के अलावा इस उत्सव में बच्चों के लिए मिट्टी के नंदी बैल और पोरा जांता व रसोई में उपयोगी बर्तनों जैसे मिट्टी के खिलौने द्वारा जन जीवन के संस्कार प्रत्यारोपण की परंपरा को बताया। रायपुरा के वरिष्ठ साहित्यकार देवनारायण नगरिहा ने पोरा त्यौहार का आध्यात्मिक तथ्य बताया। उन्होंने कहा कि बालिकाओं द्वारा खेले जाने वाले पोरा जाता को शिवलिंग के आकार में बताया, जिसमें शिवजी व पार्वती के दर्शन होते हैं। जिनके सवारी नंदी बैल हैं, जिनकी पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की जाती है।

मधुर साहित्य परिषद तहसील इकाई डौंडी लोहारा के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने छत्तीसगढ़ के त्योहारों को गौ भक्ति की परिपाटी बताया। किसानों के जीवन का अभिन्न साथी गाय,बैल,भैंस जिसे सभी त्योहारों व उत्सवों में शामिल करते हैं । वे गाय बैल को सर्वोपरि मान कर पूजा करते हैं। उनकी गौ भक्ति साल भर चलती रहती है। हरेली में गाय बैलों को गेहूं आटा के कच्चा लोई खिलाते हैं। पोरा में मिट्टी के नंदी बैल की पूजा की जाती हैं और दिवाली में गौ माता को साक्षात लक्ष्मी मानकर पूजा करते हैं और खिचड़ी भी खिलाते हैं। अर्थात पोरा त्यौहार भी गौ भक्ति का एक उत्सव है।



#### पोरा शब्द पोर से बना है, जिसका अर्थ उत्पत्त से है

धनगांव के सरपंच व युवा कवि तोषण कुमार चुरेंद्र ने कहा कि पोरा पोर शब्द से बना है, जिसका अर्थ उत्पत्ति से है। अर्थात इस तिथि को धान की बालियां गर्भधारण करती हैं। छत्तीसगढ़ के लोक जीवन में रचे बसे विभिन्न लोक संस्कृति व परंपराओं को अक्ति त्यौहार से लेकर हरेली, रक्षाबंधन, पोरा, नारबोद, तीजा, दिवाली तक की जानकारी दी गई। अंत में सभी साहित्यकारों ने बारी-बारी से काव्य पाठ किए। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा से जुड़ी रचनाएं शामिल थी। कार्यक्रम का सफल संचालन अंडी के युवा साहित्यकार पीतांबर साहू ने किया। उन्होंने भी अपना विचार रखा। इस अवसर पर साहित्यकारों के अलावा बहुत से लोग उपस्थित थे। कन्हैया लाल बारले ने उपस्थित साहित्यकारों व श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

# एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उमरदाह में किया पौधारोपण




हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय के एनएसएस के स्वयं सेवकों ने गोद ग्राम उमरादाह में नवनिर्मित अमृत सरोवर के किनारे छायादार व फलदार पौधे लगाए। इस दौरान 50 पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने गुलमोहर का पौधा लगाकर किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उमरादाह के सरपंच राकेश मेहता, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला उमरादाह शिक्षक विकास शर्मा एवं गांव के नागरिक अजीत निषाद, पितेश कुमार पटेल, विपिन कुमार पटेल, मनीष कुमार उपस्थित थे। पौधारोपण के दौरान संस्था प्राचार्य अरूण कुमार ने पेड़-पौधों की महत्ता बताई।

इसके साथ ही विभिन्न पौधों के गुणों से अवगत कराया। चूंकि यह तालाब तांदुला नदी के किनारे स्थित है, इस तालाब के किनारे पौधारोपण से तटबंध का कटाव कम होगा साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा भविष्य में ग्राम पंचायत उमरादाह में इस प्रकार के पौधारोपण व अन्य सेवा कार्य किये जाने की बात कही। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान संस्था के व्याख्याता भागवत साहू, विरेन्द्र देशलहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम में गांव के सरपंच राकेश मेहता, रोजगार सहायक कुलेश्वर पटेल, कार्यक्रम अधिकारी हरिशचंन्द्र पटेल का विशेष सहयोग रहा।

## शक्ति केन्द्र कचांदुर में सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल गुण्डरदेही के अंतर्गत शक्ति केन्द्र कचांदुर में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। शक्ति केन्द्र प्रभारी व महामंत्री थानसिंह मंडावी ने कहा कि केन्द्र से लेकर बूथ स्तर तक सदस्यता अभियान को एक महापर्व के रुप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान में भाग लेने व अधिक से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक बूथ पर दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य है। बैठक में शक्ति केन्द्र संयोजक देवकुमार साहू, सह संयोजक युवराज मार्कण्डेय, देवेंद्र यदु, बूथ अध्यक्ष मंथीर साहू, प्रदीप साहू, डाला राम साहू, टीका राम साहू, सनत साहू, भूषण साहू, चुम्मन साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मिच्छामि दुक्कड़म के साथ 8 को होगी पर्यूषण पर्व की पूर्णाहुति

**डोंडी।** जैन समाज डोंडी के सदस्य महिला पुरुष और बच्चे पर्युषण पर्व पर उत्तम गुण अपनाने की प्रेरणा से इन दिनों व्रत, तप, साधना कर आत्मा की शुद्धि का प्रयास कर रहे हैं। स्वयं के पापों की आलोचन करते हुए भविष्य में उनसे बचने की प्रतिज्ञा कर रहे हैं। पर्व के प्रथम दिन स्वाध्याय भाई गौतम पारख व प्रमोद चोपडा ने बताया कि इस पर्व का मुख्य उद्देश्य आत्मा को शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक उपक्रमों पर ध्यान केंद्रित करना होता है। जैन धर्म में सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है पर्युषण महापर्व। भाद्रपद मास में "पर्युषण महापर्व" की साधना-आराधना करते हैं। जैन धर्मावलम्बि तप-त्याग-साधना-आराधना पूर्वक इस महापर्व को मनाएंगे। इन दिवसों में जैन अनुयायियों के मुख्यतया पांच प्रमुख अंग हैं स्वाध्याय, उपवास, प्रतिक्रमण, क्षमायाचना और दान।

पर्युषण पर्व के प्रथम दिन डोंडी जैन स्थानक में स्वाध्याय के रूप में धार्मिक प्रवचन हुआ। इसमें सर्वप्रथम जैन आगम सूत्र "अन्तकृत दशांग सूत्र" का मूल व भावार्थ के साथ वाचन पश्चात स्वाध्याय के विशिष्ट गुणों, सेवा, संयम, साधना, ध्यान, सद्व्यवहार पर प्रवचन हुआ। जैन सदस्यों ने सुबह व सांयकाल प्रतिक्रमण किया जो आत्मशुद्धि के लिए नितांत आवश्यक है। प्रथम दिवस महिलाओं द्वारा समोहिक उपवास और समाज के युवाओं द्वारा पुनम जी कोठारी के धर्म दलाली में राजेंद्र पिन्टू नाहर, ओम गोलछा, रुपेश ढेलड़िया, विशाल गुणधर द्वारा संवर कर तप त्याग की अनूठी पहल की जिसकी सभी समाज के सदस्यों ने अनुमोदना की। आठवें दिवस संवत्सरी महापर्व पर विस्तृत स्व आलोचना का पाठ होगा, जिसमें जीवन भर के अंदर होने वाली पाप प्रवृत्तियों का उल्लेख करते हुए आत्मालोचना कर "मिच्छामि दुक्कड़म्" किया जाएगा। स्वाधायायी भाई गौतम पारख, प्रमोद चोपड़ा ने बताया कि पर्युषण पर्व जिसे क्षमा पर्व के नाम से भी जाना जाता है, का मतलब है कि इस उत्सव के दौरान सभी जैन एक साथ आते हैं और अपने मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए एक साथ उपवास और ध्यान करते हैं। जैन धर्म में अहिंसा एवं आत्मा की शुद्धि को सर्वोपरि स्थान दिया गया है।

# सरलता और उदारता धर्म की पहली सीढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

सरलता और उदारता धर्म की पहली सीढ़ी है। बिना उदारता के धर्म नहीं किया जा सकता। धर्म के मर्म को समझकर किया गया धर्म ही वास्तव में कल्याणकारी होता है। आगमों के माध्यम से दोष रहित भगवंतों के जीवन चरित्र एवं जीवन यात्रा के बारे में हम श्रवण कर रहे हैं। जीवन की यात्रा वो होती है, जो हमें हमारे लक्ष्य तक पहुंचा दे, और भ्रमण वो होता है जो घूम फिरकर फिर वहीं पहुंचा दे।

उक्ताशय के विचार संत ऋषभ सागरजी म सा ने पर्युषण पर्व पर जैन आगम के कल्पसूत्र का श्रवण कराते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि इसमें अरिहंत भगवंतों के निर्दोष जीवन का वर्णन किया गया है, जिसके श्रवण मात्र से भावों में निर्मलता आती है। धन की संपदा से ज्ञान की संपदा का अधिक मूल्य है। इस कल्पसूत्र में पहली देशना प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान



की की गई है। उस समय मे जीवन सिर्फ फलों और कंदमूल पर आश्रित था, लोग जीवन यापन के लिए परेशान रहते थे, परिवार व्यवस्था नही थी।

उन्होंने कृषि, भोजन एवं परिवार व्यवस्था के संबंध में ज्ञान देकर व्यवस्थित जीवन की शरुआत करायी। संत श्री ने कहा कि अरिहंत भगवंतों ने सम्यक्त्व को प्राप्त किया था जिससे जीवन में उदारता और सरलता आ जाने से राग द्वेष से रहित हो गए थे। गुणों को धारण करने के लिए सरलता और उदारता आवश्यक है। यही भाव जीवन मे रिश्तों को भी सरल बनाता है।

उत्कृष्ट व्यक्ति अच्छे भाव आएं तो उसे जरूर पूरा करते हैं। जीवन का वैभव भोग में दिखाई देता है लेकिन आत्मा का वैभव त्याग में दिखाई देता है। उपवास, व्रत आदि आत्मा के निकट जाने का माध्यम है। इस पर्युषण पर्व में तप, व्रत आदि के माध्यम से आत्म शुद्धि का प्रयास करें।

# ग्राम चिंगरी में स्वच्छता की पहल डस्टबिन का किया गया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ अंडा

गांव को स्वच्छ रखने एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम चिंगरी में टिकेश्वरी लाल देशमुख, क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत दुर्ग ने जनपद पंचायत निधि से प्रत्येक घरों में डस्टबीन का वितरण किया।

इस दौरान श्री देशमुख ने कहा कि यदि हमें स्वस्थ रहना है तो स्वच्छ रहना होगा और अपने आसपास को भी साफ-सुथरा रखना होगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ

■ जनपद सदस्य टिकेश्वरी ने लोगों से की स्वच्छता अपनाने की अपील

भारत निर्माण में आप सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो और सभी स्वच्छ और स्वस्थ्य रहें इसलिए डस्टबीन का वितरण किया जा रहा है। आप सभी से आग्रह है कि अब अपने आसपास को साफ-सुथरा रखें और गंदगी न करें। जो भी कचरा निकले, उसे डस्टबिन में डालें। श्री देशमुख ने कहा कि जब हम स्वच्छ रहेंगे, तभी बीमारियां हमसे दूर रहेंगी। इसलिए हमें संकल्प लेना होगा कि हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे और अपने आसपास को भी स्वच्छ रखेंगे। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा देवी देशमुख ने भी स्वच्छता के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया।

इस अवसर पर ग्रामीण जन वार्ड पंच नरोत्तम निर्मलकर, भूषण देशमुख, मोखन लाल साहू,महेश्वरी देशमुख, सुखबती ढीमर, गुनिता साहू, विजयलक्ष्मी साहू के साथ ही अनिता निर्मलकर, देवबती निर्मलकर, गीता निर्मलकर, दुलेश्वरी निर्मलकर, विमला ढीमर, गायत्री ढीमर, मीना ढीमर, कुमारी बाई साहू, सविता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग में निहाल ने जीता स्वर्ण पदक



**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिला के निहाल साहू ने 44 किलोग्राम में फाइट करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर में एक दिवसीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ किक बॉक्सिंग संघ द्वारा किया गया था। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिला का नेतृत्व कोच आकाश यादव ने किया।

### ग्राम पटेल संघ की बैठक कल

**गुरूर।** तहसील स्तरीय ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 सितंबर को कोलिहामार में रखी गई है। उक्त जानकारी देते हुए सूरज राम लावत्रे ने सभी ग्राम पटेलों को बैठक में आमंत्रित किया है।

# डोंगींतराई की महिलाओं ने छेड़ी स्वच्छता की मुहिम



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत डोंगींतराई के मुस्कान स्वसहायता महिला समूह के 12 सदस्यों वाली महिला समूह की महिलाएं पिछले तीन महीनों से गांव में स्वच्छता अभियान चला रही हैं।

गांव को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने के लिए समूह की चंद्रकला ठाकुर, आशो साहू, सोमिन ठाकुर, पूजा ठाकुर, रुक्मणी ठाकुर, नीतू विश्वकर्मा, मोगरा बंम्भोले, प्रतिमा साहू, जया ठाकुर, पेमीन ठाकुर, कुमारी सेन, माहेश्वरी ठाकुर इन महिलाओं ने प्रत्येक रविवार को गांव के गलियों में फैले गंदगी व कचरे को साफ-सफाई करते हुए घर-घर जाकर सूखा व गीला कचरों को इकट्ठा कर रिक्शे में डाल कर गांव के खुले मैदान में कचरों को एकत्रित कर गांव को स्वच्छ रखते हुए स्वच्छता का संदेश दे रही हैं।

# शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष देव ने बुजुर्गों से की भेंट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडीलोहारा

शाला प्रबंधन विकास समिति स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुधली के अध्यक्ष देव देवांगन ने जन्मदिन सुख आश्रय (वृद्धाश्रम) बालोद में समिति के सभी सदस्यों के साथ मिलकर मनाया। वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी लोगों को गमछा, बिस्किट, मिठाई आदि भेंट किए। सभी सदस्यों ने उनका हाल-चाल जाना। इस अवसर पर पावेंद देशमुख ,देवानंद देवांगन,सुमेन्द्र देशमुख, सोमनाथ निर्मलकर,भूपेंद्र धनकर, प्रीतम साहू,प्रकाश साहू,रवि कोमरे,भुवन यादव,राजेंद्र आरदा, चांदमल जैन,जागेश्वर साहू, रुद्रेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष

### भाजपा शासन में असुरक्षित ...

ने एफआईआर कब लिखी, मेडिकल बोर्ड का गठन कब किया, बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण कब किया गया, और घटना सरकार के संज्ञान में था, तो सरकार ने क्या कार्रवाई की। पाक्सो में एफआईआर किए बिना क्लीन चीट देने वाले पुलिस अधीक्षक पर अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई। भिलाई की घटना से इतर जयपुर की नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुराचार, कोंडागांव की महिला के साथ दुराचार होने के 20 दिन बाद भी रिपोर्ट का नहीं लिखा जाना। बंगाल की घटना पर प्रतिक्रिया देने वाले भाजपाई छत्तीसगढ़ की दुष्कर्म की घटनाओं पर मौन साधे हुए हैं। इस मामले में कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि हम अपनी बहन बेटियों की रक्षा की लड़ाई लड़ेंगे, आंदोलन करेंगे। सरकार को महिलाओं की सुरक्षा के लिए मजबूर करेंगे।

प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री रतिराम कोषमा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री धीरज उपाध्याय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश निरुटी, एवं युवा कांग्रेस के प्रवक्ता अंचल प्रकाश साहू उपस्थित थे।

### अमर शहीद दुर्वासा लाल ..

गोंड़ ऑफ आनर शहीद के परिजनों का अभिनंदन मेधावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, वृक्षा रोपण, स्वच्छता अभियान, शहीद के गौरवगान एवं मातृभूमि के सम्मान समारोह में शामिल होने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में अमर शहीद दुर्वासा लाल निषाद के पिता मुनीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद देववी ख साथ में उपस्थित शहीदों के परिजनों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू अध्यक्ष भाजपा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे।

SIDDHIVINAYAK NEW BORN & CHILD HOSPITAL
सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कांकेर जिला प्रभारी बनाए गए स्वाधीन

**डोंडी।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी एवं



भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन पर एवं मोर्चा के प्रदेश प्रभारी डॉ.सलीम राज की सहमति से संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के लिए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद ने प्रदेश सदस्यता टीम की घोषणा की है। टीम में स्वाधीन जैन को कांकेर जिला का प्रभारी बनाया गया है स्वाधीन जैन ने पूरे प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूरे 6 साल में इस सदस्यता अभियान को एक महापर्व के रूप मनाती है। ऐसे में आज मुझे कांकेर जिले का प्रभारी बनाया है। उन्होंने कहा कि कांकेर में हम सभी अल्पसंख्यक मोर्चा के लोग मिल कर शत प्रतिशत सदस्य बनाएंगे। स्वाधीन जैन को सदस्यता अभियान कांकेर जिले का प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा बालोद जिला अध्यक्ष पवन साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### कलंगपुर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बने कुशलराम

**बालोद/कलंगपुर।** ग्राम कलगंपुर में रविवार को ग्राम विकास समिति के



पदाधिकारियों का गठन किया गया। सर्व सम्मति से कुशल राम साहू को अध्यक्ष पद चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष मिलन सिन्हा और सुकचरण साहू, कोषाध्यक्ष इंद्र कुमार साहू, सचिव शत्रुहन महतो सहसचिव डिलेशवर साहू को चुना गया। ग्रामीणों ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया।

### ओड़ारसकरी शक्तिकेंद्र में हुई भाजपा की बैठक



**गुण्डरदेही।** भाजपा अर्जुन्दा मंडल के ओड़ारसकरी शक्तिकेंद्र में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक में प्रभारी नरेश यदु, संयोजक चेमन सिन्हा, सह संयोजक पंकज चौधरी, सुकदेव देवांगन, मुकेश जैन, देवेंद्र यदु, मिथलेश साहू, चेतन यादव, हिमलेश सिन्हा, यनिल देवांगन सहित भाजपा के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक दिन में ही 57 मवेशी पकड़े निगम ने

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में घूमंतु मवेशियों को पकड़ कर गोठान में छोड़ने का कार्य किया गया। 15 गाय, 28 नंदी, 8 बछरू , 4 भैंस पकड़े गए। कुल 57 मवेशियों की धर-पकड़ की गई। पकड़ा गया। क कार्रवाई के दौरान तोड़फोड़ प्रभारी हरिओम गुप्ता, धीरज साहू, अनिल मेश्राम, कन्हैया यादव, मंगल, विष्णु अपने दल के साथ उपस्थित रहे।








### किसानों ने बैलों को नहला-धुलाकर की पूजा, चीला-गुलगुला सहित पारंपरिक व्यंजनों से महकता रहा अंचल

# गांव से शहर तक रही पोला की धूम, कई जगह हुई बैल दौड़, मिट्टी के खिलौनों से खेले बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सोमवार को गांवों से लेकर शहर तक पोला त्यौहार की धूम रही। इस अवसर पर ग्रामीण इलाकों में किसानों ने अपने बैलों को नहला-धुलाकर पूजा अर्चना की।

वहीं कई लोगों ने मिट्टी से बने नंदी बैल की पूजा अर्चना कर चीला, पूड़ी, बड़ा सहित कई अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में पड़ोसियों को भी दिया गया। गांवों में मिट्टी से बने नंदी बैल को नन्हें बच्चे खेलते नजर आए, तो वहीं मिट्टी से ही बने विभिन्न तरह के खिलौने को नन्हीं बच्चियां खेलती नजर आई।







### विद्यार्थियों ने बनाए छत्तीसगढ़ी व्यंजन

**गुण्डरदेही।** शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्र–छात्राओं ने अपनी पाक–कौशल का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं स्वाद की झलक प्रस्तुत की। इस आयोजन का महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता निभाई। पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने तिल–गुझिया, गुलगुल भजिया, चौसेला, तसमई, ठेठरी, खुरमी, गुझिया, सोहारी–बरा जैसे व्यंजन बनाकर प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोशनी बीए भाग तीन, द्वितीय स्थान खिलेश्वरी बी.कॉम प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय स्थान मनीषा बी.ए. प्रथम सेमेस्टर रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.केडी. चावले ने छात्र–छात्राओं के पाक कौशल की तारीफ की।



### अंचल में धूमधाम से मना पोला पर्व



**लाटाबोड़।** पोला का पर्व बड़े ही धूमधाम से सोमवार को भाद्रपद मास की अमावस्या तिथी को मनाया गया। इस पर्व को लेकर लोगों में भारी उत्साह था। छत्तीसगढ़ में खेती किसानी के कार्यों में बैलों का विशेष योगदान होता है, इसलिए इस पर्व पर बैलों की विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाती है। पोला का पर्व कृषकों व खेतिहर श्रमिकों के लिए समर्पित है। भारत एक कृषि प्रधान देश है वहीं कृषि के क्षेत्र में प्रारंभ से ही बैल अभिन्न अंग माने जाते हैं। इसके साथ ही पोला पर्व को लेकर ऐसी मान्यता है कि इसी दिन से किसानों द्वारा लगाए गए धान के पौधों की बालियों में दूध भरता है और अन्न माता गर्भधारण करती हैं। सभी के घरों में पकवान बनाए गए। छोटी कन्याओं ने मिट्टी के बर्तनों से खेला जबकि लड़कों ने मिट्टी या फिर लकड़ी से बने बैल चलाकर उत्साह के साथ पोला मनाया।



### खूटेरी(भट) व किलेपार में 5 को सामूहिक रूप से खाएंगे करु भात

**गुण्डरदेही।** ग्राम भाठागांव आर खूटेरी(भट) व किलेपार में तीजा पर्व के अवसर पर 5 सितंबर बुधवार को तिजहारिनों के लिए खेलकूद एवं रात्रि में सामूहिक करु भात का आयोजन किया गया है। बता दें कि भाठागांव आर, खुटेरी भट व किलेपार में तीजा, पोरा में गांव पहुंचने वाली बहनों के लिए विभिन्न खेल जैसे रस्साखींच, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, मटका फोड़, गुब्बारा दौड़ आदि खेल का आयोजन किया गया है। वहीं रात में तिजहरीन बहनों को सामुहिक करु भात खिलाया जाएगा। खुटेरी में खेलकूद के साथ महिलाओं के मनोरंजन के लिए रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया गया है। भाठागांव आर के रवि तिवारी, रमीज रजा, खुटेरी भट के यशवंत साहू, डा सोहन साहू, तोमन लाल, दिलीप यादव व किलेपार के नव युवक मित्र मंडल के सदस्य कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

## कुसुमकसा अंचल में धूमधाम से मनाया गया पोरा त्योहार



**कुसुमकसा।** कुसुमकसा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में छत्तीसगढ़ का पोरा त्योहार सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पोला त्योहार पर प्रत्येक घरों में विभिन्न प्रकार के व्यंजन ठेठरी, खुरमी, अरसा(गुडपीठा), पूड़ी, बड़ा आदि व्यंजन बनाया गया। बच्चे, बड़ों की सहायता लेकर अपने मिट्टी के बैलों में, मिट्टी के पहिये लगाकर बड़े साज सज्जा के साथ तैयार किए और पूजा स्थान पर रखे और बेटियां भी अपनी मिट्टी के बर्तनों को पूजा स्थान पर रखी। उसके बाद किसानों ने अपने बैलों को नहला धुला कर साज श्रृंगार किया उसके बाद उनकी पूजा की। वहीं, बच्चों ने मिट्टी से बने बैलों व बर्तनों की पूजा की। साथ ही अपने इष्ट देव की पूजा कर विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया। वहीं, अपने में ले जाकर धान की बालियों की पूजा की और भोग लगाया। शाम को जहां लड़कों ने मिट्टी से बने बैलीं को चलाकर आनंद लिया, वहीं बालिकाओं ने रसोई में काम आने वाले मिट्टी से बने बर्तनों से खेला।

किसान कन्हैया लाल भौसार्य, राजू सिन्हा, कीर्तन रावटे, नितिन पिस्दा, बलराम धनेन्द्र ने बताया कि पोरा का अर्थ होता है, पोर फूटना या पोटीयाना। जब धान की बालियों में पोर फूटता है अर्थात धान की बालियों में दूध भर आता है। यह समय धान की बालियों के गर्भावस्था का समय होता है। धान की बालियों में पोर फुटने के कारण इस पर्व को, पोरा कहा जाता है।

## डिग्री के साथ-साथ कौशल विकास से ही होगा विद्यार्थियों का सर्वोच्च विकास

### शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में हुई वाद-विवाद प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ मीना चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष रसायन विभाग थीं। वहीं, डॉ. संगीता शर्मा विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान और डॉ. समीर जायसवाल विभागाध्यक्ष वाणिज्य विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 14 विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. मीना चक्रवर्ती ने सभी विद्यार्थियों तो बताया कि कौशल विकास और डिग्री दोनों के समावेश से ही सर्वोच्च विकास संभव होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने कौशल को विकसित करते रहें, ताकि इस प्रतियोगिता के दौर में औरों से अपनी अलग पहचान बना सकें। डॉ. समीर जायसवाल ने कहा कि आज के इस युग में स्वयं को अपडेट नहीं करेंगे, तो आउटडेट हो जाएंगे। इसलिए अपने कौशल का विकास करते रहें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को रीडिंग स्किल , राइटिंग, लिसनिंग और सम्प्रेषण स्किल पर काम करना चाहिए, ताकि वे समय के साथ अपडेट होते रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष साहू और धन्यवाद ज्ञापन सुनील देवांगन ने दिया। कार्यक्रम में डॉ. अन्नपूर्णा महतो, डॉ. आशा दीवान, डॉ. मनीषा ठाकुर, श्री भगवत कुर्रे, कविता ठाकुर, मोहित कुमार, डॉ. भारती साहू, डॉ. नुसरत जहाँ उपस्थित थे।

## पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में मनाई गई जन्माष्टमी



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छोटे छोटे बच्चे कृष्ण-राधा की ड्रेस अप में सुन्दर नृत्य किया। सभी बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। साथ में बच्चों द्वारा मटका सजाओं प्रतियोगिता में भाग लिया। रंग बिरंगे मटका सजाया गया। साथ में गांव के शिव सेवा समिति द्वारा छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया था, जिसमें सभी बच्चों को सेवई खिलाया गया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार , मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, नरेश गायकवाड़ एवं गांव के सरपंच ललिता भूषण गजपाल, भामिनी राज अध्यक्ष, स्मृति सोनी अध्यक्ष, मोती लाल मार्कण्डेय अध्यक्ष, लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, यशवंत साहू, रोशनी चन्द्राकर, शिव सेवा समिति के सदस्य गण लवकुश ढीमर, प्रकाश साहू, भाविक चन्द्राकर, निलेश साहू आदि उपस्थित थे।


Care With Confidence
(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371


### सदस्यता अभियान को लेकर पांगरी में हुई कार्यशाला




**गुण्डरदेही।** सदस्यता अभियान को लेकर गुण्डरदेही मंडल सिर्री शक्तिकेंद के ग्राम पांगरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेखराम साहू, पुरषोत्तम चंद्राकर, श्रीकांत वर्मा, प्रमोद पटेल, अवधेश यादव, कल्याण यादव, मनोज देवांगन, ढालसिंह मंडावी, हरि सिंह मौर्य सहित शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का पुनःनिर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कॉलोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड़, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371



तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है


## वरिष्ठ साहित्यकार विश्राम सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**गुण्डरदेही।** ग्राम कचांदूर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार विश्राम सिंह चंद्राकर 77 वर्ष का निधन हो गया।

साहित्य समिति के कवियों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में साहित्यकारों ने कहा कि श्री चंद्राकर अपने जीवन काल में उपहार, संवेदना के स्वर दो काव्य संग्रह, दो कहानी संग्रह उम्मीद के लहर एवं यक्ष प्रश्न तथा चार उपन्यास सपनों की उड़ान, लता, प्रतिमा ,पूजा के फूल का प्रकाशन कर जन समुदाय को समर्पित किया। सतत लेखन कार्य उनका जारी रहा, वे पूर्व में सरस साहित्य समिति के अध्यक्ष भी रहे। उनकी साहित्य सेवा से लोगों को प्रेरणा मिलती रही है।

इस अवसर पर साहित्यकार सीताराम साहू श्याम, जगदीश देशमुख, केशव राम साहू, द्रोण कुमार, अशोक आकाश, अखिलेश मिश्रा, लतीफ खान, पुष्कर सिंह, प्यारेलाल देशमुख सहित प्रेरणा साहित्य समिति, मधुर साहित्य परिषद, प्रांतीय छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति जिला बालोद के सदस्य उपस्थित थे।


online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411